Uturn Time 09 Jan 2026_Page 1-4.qxd 08-01-2026 23:24 Page 1

## गुस्ताखी माफ



केवल भारत को फबें, नखरे-नाज तमाम।
लेकिन बंग्लादेश को, भी हो गया जुकाम।
भी हो गया जुकाम, नहीं भारत आयेंगे।
आइसीसी कहे, मनाने ना जायेंगे।
कह साहिल कविराय, नहीं यह तेरा लेवल।
ऐसे नखरे सिर्फ, करे है भारत केवल।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 363 | FRIDAY 09-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# मनीमाजरा में चोरी की वारदातें, ई-रिक्शा और दुकान से सामान चोरी,सीसीटीवी में कैद वारदात

## लगातार चोरी से स्थानीय दुकानदारों और लोगों में दहशत

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 08 जनवरी। चंडीगढ़ के मनीमाजरा इलाके में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स से एक ई-रिक्शा चोरी हो गया, जबकि एक अन्य घटना में क्रॉकरी की दुकान से मिक्सी और ब्लोअर चुरा लिए गए। दोनों ही मामलों में आरोपी सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं, इसके बावजूद वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों और दुकानदारों में दहशत का माहौल है।

पहली घटना मनीमाजरा मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स की है। मनीमाजरा निवासी मोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले करीब दो वर्षों से सब्जी बेचने का काम कर रहा है। रोजाना की तरह बुधवार रात करीब 8 बजे वह ई-रिक्शा में सब्जी लेकर मंडी पहुंचा था। उसने अपना ई-रिक्शा मॉडल कॉम्प्लेक्स के गेट नंबर-2 के पास खड़ा किया और सब्जी लगाने चला गया।रात करीब 9:20 बजे जब वह पानी लेने के लिए वापस लौटा, तो उसका ई-रिक्शा वहां से गायब था। इसके बाद उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जब पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, तो सामने आया कि दो युवक पीले रंग के ऑटो में सवार होकर मौके पर पहुंचे थे। उनमें से एक युवक ऑटो से उतरकर ई-रिक्शा में बैठा और कुछ देर बाद उसे स्टार्ट कर फरार हो गया, जबकि दूसरा युवक ऑटो में ही मौजूद रहा।



दूसरी घटना भी मनीमाजरा की मॉडर्न हाउसिंग कंपलेक्स मार्केट की घटना एक क्रॉकरी शॉप के मालिक अभिनव पाल ने पुलिस को बताया कि दोपहर के समय एक बाइक पर सवार होकर दो युवक उनकी दुकान के बाहर आए। एक युवक बाइक पर बैठा रहा, जबकि दूसरा युवक दुकान के अंदर घुसा। मौका पाकर उसने एक मिक्सी और एक ब्लोअर उठाया और तेजी से बाहर निकल गया। इसके बाद दोनों युवक बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में आरोपी को सामान उठाकर तेजी से दुकान से बाहर भागते हुए साफ देखा जा सकता है।दोनों मामलों में पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत सौंप दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान और तलाश शुरू कर दी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।






# लुधियाना में सीएम मान और केजरीवाल ने नवनिर्वाचित जिला परिषद और ब्लॉक समिति सदस्यों से की मुलाकात

## केजरीवाल बोले - युद्ध नशे विरुद्ध की तर्ज पर गैंगस्टरों के खिलाफ जंग छेड़ी जाएगी



लुधियाना/मोहाली/यूटर्न/8 जनवरी। लुधियाना में वीरवार को आप पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और सीएम भगवंत मान की और से नवनिर्वाचित जिला परिषद और ब्लॉक समिति सदस्यों से मुलाकात की गई। इस दौरान सीएम मान ने कहा कि पंजाब डर, गुंडागर्दी और धांधली वाली चुनावी राजनीति के युग से निर्णायक रूप से बाहर आ चुका है। उन्होंने साथ ही यह घोषणा की कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार अब युद्ध नशों के विरुद्ध की तर्ज पर गैंगस्टरों के खिलाफ बड़े स्तर पर जंग शुरू करेगी। पंचायत चुनावों में आप की 70 प्रतिशत से अधिक सीटों पर शानदार जीत को साफ-सुथरी राजनीति और ईमानदार शासन के पक्ष में जनादेश बताते हुए 'आप' प्रमुख ने कहा कि पंजाब ने अपने इतिहास में स्थानीय इकाइयों के चुनाव सबसे अधिक पारदर्शिता के साथ होते देखे हैं, जिनमें एक भी वोट नहीं बदला गया। वहीं मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि जन-हितैषी शासन ने पारंपरिक पार्टियों को अपने घोषणा-पत्र दोबारा लिखने के लिए मजबूर कर दिया है।

### श्री अकाल तख्त साहिब के का आदेश सर्वोपरि है

श्री अकाल तख्त साहिब से जुड़े मुद्दे पर भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे सभी सबूतों के साथ तख्त साहिब के समक्ष अवश्य पेश होंगे और अनुरोध किया कि पूरी कार्यवाही का सभी चैनलों पर सीधा प्रसारण किया जाए। उन्होंने कहा, मैं वहां मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक विनम्र सिख के रूप में पेश होऊंगा। श्री अकाल तख्त साहिब हर सिख के लिए पवित्र है और हमारे समुदाय का सबसे पवित्र स्थान है। भले ही उस दिन देश के राष्ट्रपति गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर का दौरा करेंगे, फिर भी मैं श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करूंगा।

### नए सदस्यों पर बड़ी जिम्मेदारी

लुधियाना में चुने हुए प्रतिनिधियों के एकत्रित सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, सबसे पहले, मैं आप सभी को बधाई देता हूं, जो इतनी बड़ी संख्या में जिला परिषदों और ब्लॉक समितियों के सदस्य चुने गए हैं। आज आपको खुशी होनी चाहिए क्योंकि लोगों ने आपको एक नई जिम्मेदारी सौंपी है। यह बहुत गर्व की बात है कि इन चुनावों में 'आप' ने कुल सीटों में से 70 प्रतिशत से अधिक पर जीत हासिल की है। ये आपकी पार्टी की सीटें हैं।

### गैंगस्टरों खिलाफ होगी मुहिम शुरू

कानून व्यवस्था के बारे में आप प्रमुख ने कहा कि नशों के बाद सरकार गैंगस्टरों के खिलाफ बड़ी मुहिम शुरू करेगी। उन्होंने कहा, जैसे हमने नशों के खिलाफ जंग शुरू की थी, उसी तरह हम गैंगस्टरों के खिलाफ भी जंग शुरू करेंगे। पंजाब में सारे गैंगस्टरों और उनके नेटवर्क का खात्मा किया जाएगा। हम उन्हें नहीं बख्शेंगे।

# अवैध झुग्गियों से गोदाम कारोबारियों में रोष, सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था पर खतरा



जीरकपुर, यूटर्न, 08 जनवरी। जीरकपुरझ्रचंडीगढ़ रोड पर जेपी हॉस्पिटल के पीछे स्थित गोदाम क्षेत्र में अवैध रूप से खड़ी की गई झुग्गियों ने स्थानीय कारोबारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गोदाम मालिकों का आरोप है कि इस इलाके में करीब 25 से 30 झुग्गियां बिना किसी अनुमति के बनी हुई हैं, जिनमें बाहरी राज्यों से आए प्रवासी लोग रह रहे हैं। इन लोगों की पहचान और वैध दस्तावेजों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कारोबारियों के अनुसार, झुग्गियों में रहने वाले कई लोग किसी तरह का काम नहीं करते और कुछ संदिग्ध गतिविधियों में भी संलिप्त रहते हैं। आरोप है कि ये लोग अपने छोटे बच्चों को सड़कों पर भीख मांगने के लिए भेजते हैं, जिससे सामाजिक समस्या के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। गोदाम क्षेत्र की संकरी सड़कों पर दिनभर जाम जैसे हालात बने रहते हैं, जिससे माल ढुलाई और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

गोदाम मालिक रामवीर सिंह, राजेश सैनी, गुरदीप सिंह, बिंदर कुमार और प्रवीण कुमार सहित अन्य कारोबारियों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर नगर परिषद जीरकपुर को 31 अक्टूबर 2025 और पुनः 1 जनवरी 2026 को लिखित शिकायत दी थी। बावजूद इसके, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कारोबारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शिकायतकताओं का यह भी आरोप है कि झुग्गियों में अवैध रूप से बिजली चोरी की जा रही है। साथ ही, कुछ प्लॉट मालिक इन झुग्गियों में रहने वाले लोगों से हर महीने 1500 से 2000 रुपये किराया वसूल रहे हैं, जो नियमों के खिलाफ है।

# सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने वालों पर सख्ती, नगर निगम ने एक सप्ताह में 16 लोगों के काटे चालान





चंडीगढ़, यूटर्न, 08 जनवरी। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने की समस्या पर अंकुश लगाने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम चंडीगढ़ ने ठोस कचरा प्रबंधन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। बीते सात दिनों में नगर निगम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने के मामलों में 16 लोगों के चालान काटे हैं। खास बात यह रही कि इन लोगों तक पहुंचने के लिए कचरे में मिले सुरागों का सहारा लिया गया। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस के सख्त निर्देशों पर स्वच्छता निरीक्षकों ने अलग-अलग स्थानों पर औचक निरीक्षण किए। इस दौरान अवैध रूप से कचरा फेंकने वालों की पहचान की गई। निरीक्षण के दौरान टीमों को फेंके गए कचरे से पर्चियां, दस्तावेज और पहचान से जुड़े अन्य साक्ष्य मिले, जिनके आधार पर दोषियों की पहचान कर नियमों के अनुसार चालान जारी किए गए। यह चालानी कार्रवाई सेक्टर-8ए के मकान नंबर 8 और 13, सेक्टर-8बी के मकान नंबर 736, सेक्टर-11 के मकान नंबर 631, सेक्टर-15 के मकान नंबर 232, 290, 397, 1365, 2040, 2046 और एससीएफ नंबर 21, सेक्टर-16 के मकान नंबर 516, 545 और 578, सेक्टर-18 के मकान नंबर 1681 तथा सेक्टर-37 के मकान नंबर 2738-सी सहित विभिन्न स्थानों पर की गई।

# लोहड़ी पर चाइना डोर से पतंग उड़ाने वालों पर नजर रखेगी पुलिस



सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/8 जनवरी। महानगर में प्लास्टिक डोर के खिलाफ पुलिस का अभियान अब चरम पर पहुंच गया है। प्लास्टिक डोर की सप्लाई रोकने में नाकाम रही पुलिस अब पतंग उड़ाने वालों पर नकेल कसने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। उसने इसका सहारा लेने का फैसला किया है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि ड्रोन से उन लोगों की पहचान की जाएगी जो प्रतिबंधित सामान ले जा रहे हैं। रस्सी का इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि पुलिस बड़े मगरमच्छों को पकड़ने के बजाय छोटे पतंग उड़ाने वालों को निशाना बना रही है। उन्हें पकड़कर क्या हासिल कर पाएगी। पहुंच और पैसे के खेल से जमानत मिलने के बाद मुख्य आरोपी घर पहुंचा। सूत्रों के मुताबिक, दिसंबर में पुलिस ने डोर सप्लाई के एक बड़े सरगना को पकड़ा था, लेकिन कुछ हालातों की वजह से ऊंची पहुंच और कमजोर कानून व्यवस्था के कारण उसके खिलाफ मामूली धाराओं में मामला दर्ज कर उसे छोड़ दिया गया था। आरोपी को मौके पर ही जमानत मिल गई और वह शान से घर लौट आया। पुलिस से बचने के लिए वे भरोसेमंद ग्राहकों को डोर बेच रहे हैं। पुलिस की नजर में मुनाफाखोर दुकानदारों ने अपने धंधे का तरीका पूरी तरह बदल दिया है। अब ये लोग न सिर्फ.अपने पुराने और भरोसेमंद ग्राहकों को खुलेआम डोर दे रहे हैं। अब सूती धागे के डोर भी प्लास्टिक डोर की तरह गट्ठू में लपेटकर बेचे जा रहे हैं, ताकि जांच के दौरान पुलिस कन्फ्यूज हो जाए कि कौन सा सामान गैर-कानूनी है। इन इलाकों में बिक रहे हैं प्लास्टिक डोर शहर दरेसी, सांगला वाला शिवाला रोड, डिवीजन नंबर 3, न्यू माधोपुरी, सिविल लाइंस, चंद्र नगर, हैबोवाल, टिब्बा रोड और शिवाजी नगर इस समय वो इलाके हैं जहां पतंगबाजी जोरों पर है और सबसे ज्यादा डोर यहीं बिक रही हैं।

*IN LOVING MEMORY OF*



*With heavy heart we hereby inform you about sudden demise of*

**Sh. Chaman Lal Tangri**

on 6th Jan, 2026

Rasam Pagdi and Uthala will be held on

**Friday, 9th Jan, 2026, from 2 PM to 3 PM**

**at Whistling Wuds Resort, Ludhiana**

Join us for Langar Parsad from 1 PM onwards

Grief Sticken

Subhash Gupta
Jagmohan Singh
Sumit Gupta
Saurabh Gupta
Japkirat Singh

Harish Bittu Jairath
Girish Jairath
Ujjwal Jairath

Kishan Thakur
Kishori Thakur
Mukesh Thakur

WHISTLING WUDS RESORTS
Ferozepur Road, Ludhiana

PROFESSIONAL CATERERS

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 10 | ISSUE 363 | FRIDAY 09-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## नगर निगम चंडीगढ़ का अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज, 124 चालान काटे गए

चंडीगढ़, यूटर्न, 08 जनवरी। नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) ने शहर में पैदल यात्रियों की सुगम आवाजाही, सार्वजनिक सुरक्षा और बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सेक्टर-40, सेक्टर-20, गांव कजहेड़ी और मनीमाजरा में व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया।यह कार्रवाई संयुक्त आयुक्त हिमांशु गुप्ता के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में नगर निगम के प्रवर्तन विंग द्वारा की गई। अभियान के दौरान अवैध अतिक्रमण और बिना अनुमति संचालित हो रहे विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए।

## लुधियाना के सीए पर विजिलेंस टीम की रेड, शहर के सभी सीए ने लगाया धरना



लुधियाना/यूटर्न/8 जनवरी। पुलिस द्वारा पिछले दिनों एसजीपीसी के सीए और सुखबीर बादल के नजदीकी सतिंदर सिंह कोहली की गिरफ्तारी मामले में आज वीरवार देर शाम लुधियान के प्रिंस हॉस्टल रोड़ स्थित नामी सीए आश्वनी एण्ड एसोसिएट पर दबीश दी गई।



इस दौरान विजिलेंस द्वारा उक्त सीए से संबंधित दस्तावेजों पर अन्य चीजों की जांच की जा रही है। चर्चाएं हैं कि लुधियाना का उक्त सीए शिरोमणि अकाली दल बादल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल के सुखविलास और उनकी बस कंपनियों का सीए बताया जा रहा है। वहीं एसबीआई की और से उक्त सीए को अपने नॉर्थ पैनल में शामिल किया गया है।

VIGILANCE BUREAU PUNJAB

**गुपचुप तरीके से की गई रेड...**चर्चा है कि यह रेड काफी गुपचुप तरीके से की गई है। चचाएं हैं कि काफी सख्त लेवल पर मामले की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं की गई है। वहीं टीम देर रात तक जांच में जुटी रही।

**सीए ने लगाया धरना...**वहीं इस रेड के बाद शहर के सभी सीए में हलचल पैदा हो गई। रेड की सूचना के बाद शहर के सभी सीए उक्त रेड वाले सीए के कॉलेज रोड स्थित ऑफिस बाहर इकट्ठा हो गए। जिन्होंने वहां पर विजिलेंस के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि विजिलेंस की और से कोई वारंट नहीं दिखाया जा रहा कि आखिर रेड किस वजह से और किसकी परमिशन पर की गई है। देर रात यह विवाद चलता रहा।

## अब लुधियाना में ड्रम में मिली युवक की लाश, कई टुकड़ों में कटा मिला शरीर, दोस्त पर शक

लुधियाना/यूटर्न/8 जनवरी। मेरठ में पत्नी द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर लाश को नीले ड्रम में छिपा दिया था। कुछ इसी तरह का एक मामला लुधियाना से सामने आया है। जिसमें युवक की हत्या कर उसका सिर सफेद ड्रम में छिपा दिया गया। उक्त युवक की लाश कई टुकड़ों में बरामद हुई है। हत्या किसने की अभी इसकी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार जालंधर बाइपास नजदीक सेक्रेड हार्ट स्कूल के पास एक खाली प्लाट से एक युवक की लाश टुकड़ों में मिली है। किसी राहगीर ने शव देखकर तुरंत शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर थाना सलेम टाबरी की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने घटना स्थल का एरिया अभी सील किया हुआ है। मरने वाले व्यक्ति का आधा शरीर जला हुआ है और आधा शरीर सफेद ड्रम में मिला। घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची है। मृतक की पहचान भारती कॉलोनी के 30 वर्षीय दविंदर के रूप में हुई है। वह दो दिन पहले ही मुंबई से अपने घर लौटा था। मुंबई से लौटने के बाद वह अपने घर पर कुछ मिनट के लिए ही रुका और इसके बाद चला गया। जिसके बाद आज सुबह टुकड़ों में उसकी लाश खाली प्लाट से मिली। शुरूआती जांच में पुलिस को युवक दविंदर के दोस्त पर शक है।





Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with

Hot Breads
0161-4603333, 5012222



2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
*T&C

FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# फिको और आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन ने ई-कॉमर्स पर 'वॉलमार्ट वृद्धि' सेशन आयोजित

## डिजिटल बिजनेस रणनीतियों पर 100 से अधिक उद्यमियों ने लिया प्रशिक्षण



लुधियाना, यूटर्न, 08 जनवरी। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (FICO) ने आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन के सहयोग से ई-कॉमर्स पर केंद्रित एक ज्ञानवर्धक सेशन 'वॉलमार्ट वृद्धि' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में फिको के करीब 100 सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सेशन के दौरान ई-कॉमर्स के प्रमुख पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, डिजिटल माध्यम से व्यापार संचालन, और आंतरिक परिचालन की आधुनिक अवधारणाएं शामिल रहीं। उद्देश्य उद्यमियों को बदलते डिजिटल बिजनेस परिदृश्य के अनुरूप तैयार करना था।

आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन की ओर से अमित फुल (प्रोग्राम डायरेक्टर), विशेष शर्मा (सीनियर मैनेजर) और मिस सृष्टि मलिक (पार्टनरशिप मैनेजर) ने विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से ई-कॉमर्स में उपलब्ध अवसरों, सर्वोत्तम प्रथाओं और व्यावहारिक रणनीतियों पर प्रकाश डाला।

सभा को संबोधित करते हुए फिको के चेयरमैन मिस्टर के.के. सेठ ने कहा कि यह सेशन सदस्यों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक रहा, खासकर मौजूदा और भविष्य के बिजनेस मॉडल को समझने के लिहाज से।

वहीं फिको के प्रेसिडेंट मिस्टर गुरमीत सिंह कुलार ने कहा कि बिजनेस एक सतत प्रक्रिया है और जो उद्यमी नई तकनीक व आधुनिक तरीकों को अपनाएंगे, वही प्रतिस्पर्धा में आगे रहेंगे। उन्होंने ई-कॉमर्स को आज के दौर में विशेष रूप से इ2उ बिजनेस मॉडल के लिए एक प्रभावी समाधान बताया।

कार्यक्रम में फिको के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मिस्टर बलबीर सिंह मंकू (फाइनेंस सेक्रेटरी), मिस्टर मनकर गर्ग (हेड, प्लास्टिक डिवीजन), मिस्टर गगनिश खुराना (हेड, एग्रीकल्चर डिवीजन), मिस्टर जय ढींगरा (हेड, फूड डिवीजन), मिस्टर रघुबीर सिंह सोहल (हेड, प्लाइवुड डिवीजन), मिस्टर गुरमुख सिंह रूपल (हेड, सिलाई मशीन डिवीजन) सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य शामिल थे।

## जगराओं पुलिस ने 50 पेटी अवैध शराब के साथ तस्कर को दबोचा



जगरांव/यूटर्न/8 जनवरी। नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिटी जगराओं पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए चंडीगढ़ मार्का शराब की एक बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 पेटी अवैध शराब और तस्करी में इस्तेमाल स्विफ्ट कार बरामद की है। एसएचओ इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह ने बताया कि सहायक थानेदार शमिंदरजीत सिंह अपनी टीम के साथ मलक चौक जगराओं में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि कोठे राहलां निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगना, जो चंडीगढ़ से सस्ती शराब लेकर स्विफ्ट कार से कोठे खंजूरा रोड होते हुए आ रहा है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह के दिशा-निर्देशों पर पुलिस पार्टी ने तुरंत जाल बिछाया। जैसे ही उक्त कार मौके पर पहुंची, पुलिस ने उसे घेर लिया। तलाशी लेने पर कार के अंदर से अलग-अलग ब्रांड की कुल 50 पेटी शराब बरामद हुई।

## जीरकपुर के निजी होटल में महिला से दुष्कर्म

जीरकपुर, यूटर्न, 08 जनवरी। जीरकपुर में एक निजी होटल में शादीशुदा महिला से दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने महिला की बीमारी का फायदा उठाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की शिकायत पर हरियाणा के जिला करनाल पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले की फाइल जीरकपुर पुलिस को भेज दी है। फाइल मिलने के बाद जीरकपुर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान रोहित शर्मा के रूप में हुई है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वह एक ओवरसीज कंपनी में कार्यरत है, जिसके मालिक रोहित शर्मा ने उससे दोस्ती बढ़ाई।

श्रद्धांजलि

हमारे आदरणीय
श्री चमन लाल टांगरी
के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।



श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता
JR SINGAL
EASTMAN CAST & FORGE LTD

## जीरकपुर में आवारा पशुओं का आतंक, सर्दियों में बढ़ा हादसों का खतरा



जीरकपुर, यूटर्न, 08 जनवरी। तेजी से विकसित हो रहे जीरकपुर शहर में आवारा पशुओं की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। शहर के विभिन्न इलाकों में सड़कों पर लावारिस पशुओं, खासकर गायों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ये आवारा गायें झुंड बनाकर सड़कों पर घूमती रहती हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्दियों की शुरूआत के साथ ही रात के समय कोहरा बढ़ गया है, ऐसे में सड़कों पर घूम रहे आवारा पशु बड़े हादसों का कारण बन सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि अब तक प्रशासन की ओर से न तो इन आवारा गायों के गले में रेडियम बेल्ट लगाई गई है और न ही इन्हें सड़कों से हटाने के लिए कोई ठोस व्यवस्था की गई है। जबकि जीरकपुर में आवारा गायों की वजह से पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों की जान तक जा चुकी है।

**यहां सबसे ज्यादा है समस्या...**शहर में अंबालाझ्रचंडीगढ़ रोड, पटियाला रोड, बलटाना, पंचकूला रोड और ढकोली रोड सहित कई इलाकों में आवारा पशुओं की समस्या बनी हुई है। लेकिन सबसे ज्यादा हालात अंबालाझ्रचंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग और पटियाला रोड पर खराब हैं।

श्रद्धांजलि

हमारे आदरणीय
श्री चमन लाल टांगरी
के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।



श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता
LEADER CYCLES
JINDAL FINE INDUSTRIES, LUDHIANA

Uturn Time 09 Jan 2026_Page 1-4.qxd 08-01-2026 23:24 Page 5





पेज 08 कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को मिला लोकल बॉडी ...

# बम धमकियों से देशभर में 11 जगहों पर अदालतें खाली, लुधियाना ने डेमो वर्ज़न चुना

चंडीगढ़/यूटर्न/8 जनवरी। गुरुवार को भारत की न्याय व्यवस्था में बम की धमकी वाले ईमेल की लहर दौड़ गई। जिससे सात राज्यों की कम से कम 11 अदालतों में हड़कंप मच गया, लोगों को बाहर निकाला गया, कार्यवाही रोक दी गई और सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया। पंजाब से लेकर केरल तक, जजों, वकीलों, मुकदमों से जुड़े लोगों, कैदियों और कोर्ट स्टाफ को जल्दबाजी में बाहर निकाला गया, क्योंकि पुलिस और बम निरोधक दस्ते कोर्ट परिसरों की जांच के लिए फैल गए - हालांकि अब तक कोई विस्फोटक नहीं मिला है। न्यायिक अधिकारियों को मिले गुमनाम ईमेल में कोर्ट परिसर में जल्द ही विस्फोट होने की चेतावनी दी गई थी। हालांकि अधिकारी एक सोची-समझी अफवाह का संदेह कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने कहा कि धमकियों के पैमाने और एक साथ होने को देखते हुए किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है। साफ है, जिसने भी भेजें बटन दबाया, उसने देशव्यापी डिस्ट्रीब्यूशन लिस्ट का इस्तेमाल किया।




## यह राज्य हुए प्रभावित

प्रभावित राज्यों में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और केरल शामिल थे, जिससे जिला अदालतों और उच्च न्यायालयों में कोर्ट का काम बाधित हुआ। पुलिस साइबर इकाइयों ने ईमेल के डिजिटल स्रोत का पता लगाने के लिए समन्वित जांच शुरू की है, जिसमें हेडर, आईपी ट्रेल्स और इलेक्ट्रॉनिक फुटप्रिंट्स का विश्लेषण किया जा रहा है।

## तीन आरडीएक्स लगाने की दी धमकी

हिमाचल प्रदेश में, उच्च न्यायालय को मिले बम की धमकी वाले ईमेल से वकीलों, मुकदमों से जुड़े लोगों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई, जिसके बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई और आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई। बिहार में, धमकियां विशेष रूप से नाटकीय थीं। ईमेल में दावा किया गया था कि कई अदालतों में तीन आरडीएक्स बम लगाए गए हैं। जिसमें पटना सिविल कोर्ट, पटना सिटी कोर्ट, किशनगंज सिविल कोर्ट और गयाजी सिविल कोर्ट शामिल हैं और विस्फोट के लिए ढ़ाई बजे की समय सीमा दी गई थी। कोर्ट का काम तुरंत निलंबित कर दिया गया, प्रवेश द्वार सील कर दिए और बंदियों, गवाहों और आगंतुकों को वापस भेज दिया गया, क्योंकि पुलिस टीमों ने गहन तलाशी अभियान चलाया।

## इसी तरह के दृश्य अन्य जगहों पर भी देखने को मिले

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला न्यायालय को एक धमकी भरा ईमेल जिला और सत्र न्यायाधीश तक पहुंचने के बाद खाली करा लिया गया। मध्य प्रदेश में, रीवा जिला न्यायालय में सुबह-सुबह एक ईमेल मिलने के बाद दहशत फैल गई, जिसमें एक निश्चित समय के भीतर नई बनी कोर्ट की इमारत को उड़ाने की धमकी दी गई थी। केरल में, कासरगोड जिला न्यायालय को भी इसी तरह की धमकी मिली, जिसके बाद बम निरोधक दस्तों को तैनात किया गया। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, लेकिन पुलिस ने कहा कि अगर धमकी झूठी साबित हुई तो मामला दर्ज किया जाएगा।

## पंजाब: घबराहट से प्रक्रिया तक और फिर मजाक तक

पंजाब भी बम धमाकों की धमकी वाले मैप पर मजबूती से था। गुरुवार को रूपनगर (रोपड़) और आनंदपुर साहिब में ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स को खाली करा लिया गया, क्योंकि धमकी भरे ईमेल में बम हमलों की चेतावनी दी गई थी। कोर्ट की कार्यवाही अचानक रुक गई, क्योंकि वकीलों, क्लाइंट्स, कोर्ट स्टाफ और आम जनता को बाहर निकाला गया, जिनमें से कई साफ तौर पर घबराए हुए थे।

## पुलिस ने इलाके किए सील

रूपनगर ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स में, पुलिस ने इलाके को घेर लिया और आस-पास की सड़कों पर कड़ी निगरानी रखी। रूपनगर के एसएसपी ने कहा कि जांच शुरू कर दी गई है, और बताया कि सभी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का पालन किया गया। तुरंत सुरक्षा उपाय किए गए और इलाके को खाली करा लिया गया। मामले की जांच चल रही है। बम निरोधक दस्ते को सेवा में लगाया गया, हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## लुधियाना में भी दिखी हलचल

पंजाब का सबसे बड़ा जिला लुधियाना, जहां हकीकत ने कुछ समय के लिए व्यंग्य का रूप ले लिया। जिस दिन बम की धमकियां आम बात थीं और पंजाब पुलिस पहले से ही दबाव में थी, उसी दिन लुधियाना जिला अदालतों ने एक मॉक ड्रिल करने का फैसला किया। स्पष्टीकरण जरूरी था शायद अनिवार्य भी। क्योंकि पुलिस बल की कमी, असली खाली कराने और साइबर-प्रेरित घबराहट से जूझ रहे राज्य में, इस समय पर सवाल उठे। जबकि दूसरी जगहों पर अदालतें असली धमकियों का जवाब देने के लिए भाग-दौड़ कर रही थीं, लुधियाना ऐसा लग रहा था कि किसी चीज की रिहर्सल कर रहा है, जिससे यह फुसफुसाहट होने लगी कि यह तैयारी थी या गलत उम्मीद।

## मोगा अदालत को भी मिली धमकी

इसका असर मोगा तक पहुंचा, जहां जिला और सत्र न्यायाधीश की आधिकारिक ईमेल आईडी पर बम की धमकी वाला ईमेल मिला। जिला कोर्ट कॉम्प्लेक्स को सुनवाई के बीच में ही खाली करा लिया गया, और भारी पुलिस बल तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक इकाइयों ने पूरी तलाशी ली, और कॉम्प्लेक्स के हर कोने की जांच की। एसएसपी अजय गांधी ने खुद ऑपरेशन की निगरानी की।

# एआई और जंग की वजह से दुनिया को तांबा चाहिए, भारत के पास बड़ा मौका

## एआई, रक्षा और डेटा सेंटरों की बढ़ती जरूरत से 2040 तक तांबे की मांग तेज

चंडीगढ़/यूटर्न/8 जनवरी। दुनिया अब एक बड़े तांबा संकट (कॉपर क्रंच) की ओर बढ़ रही है। वजह सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहन या ग्रीन एनर्जी नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रक्षा क्षेत्र, रोबोटिक्स और डेटा सेंटरों का तेज विस्तार है। कंसल्टेंसी फर्म एसएंडपी ग्लोबल की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, 2040 तक वैश्विक तांबे की मांग 50 प्रतिशत बढ़ जाएगी और यह 42 मिलियन मीट्रिक टन सालाना तक पहुंच सकती है, जो 2025 में करीब 28 मिलियन टन थी। रिपोर्ट चेतावनी देती है कि अगर नए खनन प्रोजेक्ट और रीसाइक्लिंग तेज नहीं की गई, तो दुनिया को हर साल 1 करोड़ टन से ज्यादा तांबे की कमी का सामना करना पड़ सकता है। इसका मतलब यह है कि भविष्य में तांबे की लगभग एक-चौथाई मांग पूरी नहीं हो पाएगी।



## तांबा बना रीढ़ की हड्डी

तांबा आज की दुनिया की रीढ़ बन चुका है। बिजली, इलेक्ट्रॉनिक्स, निर्माण, ट्रांसपोर्ट और टेक्नोलॉजी लगभग हर क्षेत्र में इसकी जरूरत है। यह बिजली का अच्छा चालक है, जल्दी खराब नहीं होता और इसे ढालना आसान है। पिछले दस सालों में इलेक्ट्रिक गाड़ियों ने इसकी मांग बढ़ाई, लेकिन अब एआई सर्वर, डेटा सेंटर, रक्षा उपकरण और रोबोटिक्स इसे और तेजी से आगे बढ़ाएंगे। इसके अलावा एयर कंडीशनर और घरेलू उपकरणों की बढ़ती मांग भी तांबे की खपत बढ़ा रही है।

## भारत के लिए क्या मायने रखता है तांबे का संकट

भारत भले ही तांबे का बड़ा उत्पादक न हो, लेकिन यह संकट भारत के लिए बड़ा अवसर बन सकता है। भारत में बिजली की मांग, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन और रिन्यूएबल एनर्जी तेजी से बढ़ रहे हैं और ये सभी क्षेत्र तांबे पर निर्भर हैं। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता जैसे कार्यक्रमों से भारत वैश्विक कंपनियों के लिए एक मजबूत विकल्प बन सकता है, खासकर तब जब कंपनियां चीन पर निर्भरता कम करना चाहती हैं। इसके अलावा, भारत कॉपर रीसाइक्लिंग में बड़ी भूमिका निभा सकता है। बेहतर स्क्रैप प्रोसेसिंग और नीतिगत समर्थन से भारत न सिर्फ आयात कम कर सकता है, बल्कि रोजगार भी पैदा कर सकता है।

## इलेक्ट्रिफिकेशन की अहम धातु है तांबा

एसएंडपी के वाइस चेयरमैन डैन यरगिन के मुताबिक, दुनिया तेजी से इलेक्ट्रिफिकेशन की ओर बढ़ रही है और इस बदलाव की सबसे अहम धातु तांबा है। सिर्फ एआई सेक्टर में ही पिछले साल 100 से ज्यादा नए डेटा सेंटर प्रोजेक्ट आए, जिनकी कुल कीमत करीब 61 अरब डॉलर थी और हर डेटा सेंटर में भारी मात्रा में तांबा लगता है।

## युद्ध और भू-राजनीतिक हालात मांग बढ़ा रहे

युद्ध और भू-राजनीतिक हालात भी मांग बढ़ा रहे हैं। यूक्रेन युद्ध और जापान, जर्मनी जैसे देशों द्वारा रक्षा बजट बढ़ाने से हथियारों, संचार प्रणालियों और सैन्य उपकरणों में तांबे की खपत बढ़ेगी। रक्षा क्षेत्र में तांबे की मांग कीमत से ज्यादा सुरक्षा जरूरतों पर निर्भर करती है। दूसरी ओर, सप्लाई की स्थिति कमजोर है। चिली और पेरू तांबे के सबसे बड़े उत्पादक हैं, चीन सबसे बड़ा स्मेल्टर है और अमेरिका अपनी आधी जरूरत आयात करता है। नए खदान प्रोजेक्ट शुरू होने में सालों लगते हैं, जबकि रीसाइक्लिंग अभी पर्याप्त नहीं है।

# हथियार और जुआ मामलों में चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, छह आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़, यूटर्न, 08 जनवरी। चंडीगढ़ पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए हथियार अधिनियम और जुआ अधिनियम के तहत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई इन कार्रवाइयों में अवैध हथियारों की बरामदगी के साथ-साथ जुआ खेलते हुए आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया। अवैध हथियारों के साथ दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तारी

पहले मामले में 7 जनवरी 2025 को थाना सेक्टर-26 पुलिस ने सेक्टर-26 स्थित सार्वजनिक शौचालय के पीछे शोरूम के पास से धर्मिंदर निवासी मौली जागरा और साहिल निवासी मनीमाजरा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो चाकू बरामद किए गए। इस संबंध में थाना सेक्टर-26 में एफआईआर नंबर 01 के तहत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसी दिन की गई दूसरी कार्रवाई में थाना मौली जागरा पुलिस ने करण उर्फ डैनी निवासी डेराबस्सी (पंजाब) को मौली जागरा के विकास नगर बस स्टॉप के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। इस मामले में थाना मौली जागरा में एफआईआर नंबर 09 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कर जांच की जा रही है।

## जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार

जुआ अधिनियम के तहत 7 जनवरी 2026 को थाना मलोया पुलिस ने दादू माजरा कॉलोनी स्थित सिविल डिस्पेंसरी के पास जुआ खेलते हुए राकेश उर्फ बीरू, उर्विंदर सिंह और विनोद कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 1,720 रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद किए गए। इस संबंध में थाना मलोया में एफआईआर नंबर 05 धारा 13-3-67 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सेक्टर-17 में चोरी का मामला दर्ज

इसके अलावा थाना सेक्टर-17 में संजय गोयल निवासी नाभा, पंजाब की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार सेक्टर-17 में खड़ी एक इनोवा कार का शीशा तोड़कर आरोपी दो बैग चुरा ले गया, जिनमें नकदी, लैपटॉप, महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य सामान शामिल थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# ढकोली पुलिस ने चलाया ऑपरेशन कासो, झुग्गी-झोपड़ियों के साथ वाहनों की भी चेकिंग





जीरकपुर, यूटर्न, 08 जनवरी। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज ढकोली क्षेत्र में कासो ऑपरेशन चलाया गया। यह ऑपरेशन एसएचओ सिमरजीत शेरगिल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। ऑपरेशन के दौरान ढकोली की झुग्गी-झोपड़ियों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में आने-जाने वाली गाड़ियों और दोपहिया वाहनों की भी गहन चेकिंग की गई। पुलिस ने वाहनों के कागजातों की जांच की तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान का सत्यापन किया। इस चेकिंग अभियान के दौरान एएसआई अशोक, हेड कांस्टेबल संदीप, हेड कांस्टेबल गुरविंदर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे और पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाई। पुलिस टीम ने पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर व्यवस्थित तरीके से जांच प्रक्रिया को अंजाम दिया। एसएचओ सिमरजीत शेरगिल ने बताया कि कासो ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य असामाजिक तत्वों की पहचान करना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास कायम रखना है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा इस प्रकार के अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे। ऑपरेशन के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। पुलिस ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि उन्हें किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि नजर आए, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनहित और क्षेत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे सघन चेकिंग अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

Uturn Time 09 Jan 2026_Page 1-4.qxd 08-01-2026 23:24 Page 6



# गुरु साहिबानों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों पर भाजपा का तीखा विरोध

## जीरकपुर में आप नेता आतिशी मालेर्ना का पुतला फूंका



जीरकपुर, यूटर्न, 08 जनवरी। जीरकपुर में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी मालेर्ना के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने आतिशी मालेर्ना का पुतला फूंका। यह प्रदर्शन गुरु साहिबानों को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में किया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा के कार्यकताओं और समर्थकों ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना रोष जाहिर किया।

इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने की। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता इकबाल सिंह ललपुरा, भाजपा पंजाब प्रदेश सचिव संजीव खन्ना और जिला अध्यक्ष संजीव वशिष्ठ विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदर्शन स्थल पर एकत्रित नेताओं और कार्यकताओं ने कहा कि सिख समुदाय की धार्मिक आस्था और गुरु साहिबानों की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा नेता संजीव खन्ना और संजीव वशिष्ठ ने अपने संयुक्त संबोधन में कहा कि जब आम आदमी पार्टी को वोटों की जरूरत होती है, तब उन्हें पंजाब के गुरु और पीर-फकीर याद आते हैं, लेकिन जब उनका स्वार्थ पूरा हो जाता है तो आप के नेता गुरु साहिबानों की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने से भी नहीं चूकते। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिख समुदाय की आस्था को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी टिप्पणी को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।

भाजपा नेताओं ने दिल्ली विधानसभा के स्पीकर से मांग की कि जब तक आतिशी मालेर्ना सार्वजनिक रूप से गुरु साहिबानों को लेकर की गई टिप्पणी पर माफी नहीं मांगतीं, तब तक उन्हें दिल्ली विधानसभा में प्रवेश न करने दिया जाए।

इस दौरान राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिंह ललपुरा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा गुरु साहिबानों के प्रति इस तरह की भाषा का प्रयोग बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल भारतीय जनता पार्टी का नहीं है, बल्कि पंजाब का कोई भी व्यक्ति ऐसी बेअदबी को बर्दाश्त नहीं करेगा। इकबाल सिंह ललपुरा ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक आतिशी मालेर्ना गुरु साहिबानों के संबंध में की गई टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगतीं, तब तक भारतीय जनता पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

## प्रॉपर्टी कारोबारी ने पत्नी व दो बेटियों को गोली मारकर सुसाइड किया



पंजाब/यूटर्न/8 जनवरी। फिरोजपुर में प्रॉपर्टी कारोबारी एवं फाइनेंसर अमनदीप सिंह, उसकी पत्नी और 2 बेटियों के शव गुरुवार की सुबह खून से लथपथ उनके घर में पड़े मिले। पुलिस के मुताबिक, सुबह जब सफाई का काम करने वाली घर आई और उसने दरवाजा खटखटाया तो किसी ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद नौकरानी ने घर के ऊपर रहने वाले किराएदार को फोन करके पूछा। उनसे भी जानकारी नहीं मिलने पर उसने घर के मालिक अमनदीप सिंह को कॉल की। मोबाइल घर के अंदर ही बजता रहा, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं और न ही किसी ने दरवाजा खोला। इससे शक हुआ कि कहीं परिवार को गैस तो नहीं चढ़ गई। यह आशंका होते ही किराएदारों ने दरवाजे को तोड़ा। दरवाजा टूटने पर जब सब अंदर गए तो उनके होश उड़ गए। वहां अमनदीप, उसकी पत्नी जसवीर कौर, दो बेटियों मनवीर (10) और परनीत (6) के खून से लथपथ शव पड़े थे। सबकी मौत हो चुकी थी। तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान को सील करते हुए अंदर एंट्री ली। सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर कई साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस को मौके से पिस्टल भी बरामद हुआ है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### क्या वृंदावन के मंदिरों में श्रद्धालुओं की कोई कद्र नहीं है?

वृंदावन भगवान श्रीकृष्ण की लीला भूमि है, जहाँ देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भक्ति और शांति की खोज में आते हैं। लेकिन आज यह सवाल उठना जरूरी हो गया है कि क्या वास्तव में यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं की कोई कद्र बची है? कई मंदिरों में यह देखने को मिलता है कि कुछ गुस्साए या अहंकारी सेवादार भगवान कोअपनी निजी संपत्ति समझने लगते हैं और श्रद्धालुओं को केवल ₹टूरिस्ट₹ मानते हैं। दर्शन के दौरान धक्का-मुक्की, कठोर व्यवहार, बिना कारण डाँटना और पैसे के आधार पर विशेष सुविधाएँ देना-ये सब बातें श्रद्धा को ठेस पहुँचाती हैं। जब कोई भक्त घंटों लाइन में खड़ा रहकर भी सम्मान नहीं पाता, तो उसके मन में पीड़ा और निराशा उत्पन्न होती है। मंदिर प्रशासन का यह रवैया यह दशार्ता है कि कहीं न कहीं सेवा भावना की जगह व्यवसायिक सोच ने ले ली है। भगवान किसी एक व्यक्ति या समूह की संपत्ति नहीं हैं, वे हर भक्त के हैं। मंदिरों का उद्देश्य प्रेम, करुणा और समानता का संदेश देना होना चाहिए, न कि भय और अपमान का वातावरण बनाना।यदि वृंदावन को सच में भक्ति की भूमि बनाए रखना है, तो वहाँ के मंदिरों में श्रद्धालुओं के प्रति सम्मान, विनम्रता और सेवा भाव को पुन: जीवित करना होगा। तभी सच्चे अर्थों में भगवान की सेवा संभव है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Hit and Run मामलों में आम नागरिक की भूमिका क्या होनी चाहिए?**

सड़क दुर्घटना के बाद वाहन चालक का मौके से भाग जाना, जिसे आम भाषा में Hit and Run कहा जाता है, एक गंभीर सामाजिक और कानूनी समस्या है। ऐसे मामलों में अक्सर यह सवाल उठता है कि वहाँ मौजूद आम नागरिक क्या कर सकते हैं और उनकी जिम्मेदारी कहाँ तक बनती है। सही समय पर उठाया गया एक छोटा कदम किसी की जान बचा सकता है और न्याय की दिशा तय कर सकता है। सबसे पहली और अहम भूमिका मानवीय सहायता की होती है। यदि कोई व्यक्ति घायल है, तो उसे सुरक्षित जगह पर रखने, प्राथमिक मदद दिलाने और एम्बुलेंस या पुलिस को तुरंत सूचना देने की कोशिश करनी चाहिए। यह सोचना कि 'यह हमारा मामला नहीं है' या भीड़ का हिस्सा बनकर खड़े रहना, स्थिति को और गंभीर बना देता है। कानून और समाज दोनों यह अपेक्षा करते हैं कि आपात स्थिति में इंसानियत सबसे ऊपर रहे। दूसरी महत्वपूर्ण भूमिका सूचना देने और सहयोग करने की है। यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना होते देखता है और वाहन भाग जाता है, तो समय, स्थान, वाहन का रंग, प्रकार या नंबर जैसी जानकारी नोट करना बेहद मददगार हो सकता है। यह जानकारी पुलिस को दी जाए तो जांच में बड़ी सहायता मिलती है। अफवाह फैलाना या अंदाजे से किसी को दोषी ठहराना सही तरीका नहीं है। यह भी जरूरी है कि मौके पर अनावश्यक भीड़ या हंगामा न किया जाए। कई बार भावनाओं में बहकर लोग गलत व्यक्ति को पकड़ लेते हैं या हिंसक स्थिति बना देते हैं, जिससे मामला और उलझ जाता है। कानून सहयोग चाहता है, भीड़ का न्याय नहीं। शांत रहकर, सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए प्रशासन की मदद करना ही समझदारी है। अक्सर लोग यह सोचकर आगे नहीं आते कि कहीं उन्हें अदालतों के चक्कर न लगाने पड़ें। लेकिन सच यह है कि ईमानदारी से दी गई सूचना और सीमित सहयोग किसी को आरोपी नहीं बनाता। इसके उलट, सही जानकारी न देना या जानबूझकर अनदेखी करना कई बार नैतिक और सामाजिक प्रश्न खड़े कर देता है।

निष्कर्ष: **Hit and Run** मामलों में आम नागरिक की भूमिका केवल दर्शक की नहीं होती। मानवीय सहायता, सही सूचना और शांत सहयोग—ये तीन बातें किसी की जान बचाने और न्याय सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। सड़क पर मौजूद हर व्यक्ति अगर थोड़ी ज़िम्मेदारी समझ ले, तो कई हादसों के बाद की पीड़ा और अन्याय को रोका जा सकता है।

## श्री पालनहार सेवा संघ द्वारा पहली शोभा यात्रा का निमंत्रण पत्र सीएम हरियाणा को दिया



सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/8 जनवरी। कश्मीर नगर चौक नजदीक ताजपुर रोड पर होने वाले रथ यात्रा का आयोजन बहुत जोरो शोरों से किया जा रहा है। शिव पालनहार सेवा संघ द्वारा 1 फरवरी को निकालने वाली रथ यात्रा का निमंत्रण पत्र वीरवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी को दिया गया। साथ ही नायाब सिंह सैनी द्वारा इस रथ यात्रा की सरहाना भी की गई। सीएम ने कहा कि वह पूरी कोशिश करेंगे कि रथ यात्रा में शामिल होने के लिए।

## बोटिंग और फोटोशूट ने फ्रेंड्स फॉरएवर किट्टी ग्रुप की पार्टी को बनाया यादगार



लुधियाना/यूटर्न/8 जनवरी। लुधियाना में बोटिंग और फोटोशूट के माध्यम से सदस्याओं ने एक पार्टी को पूरी तरह यादगार बना दिया। सर्दी के मौसम में सज-धज कर सभी ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यह मनमोहक दृश्य फ्रेंड्स फॉरएवर किट्टी ग्रुप द्वारा आयोजित आउटिंग पार्टी में देखने को मिला।शहर के दोराहा स्थित एक स्थानीय स्थल पर आयोजित यह पार्टी पिकनिक के समान रही, जिसमें शामिल सदस्याओं ने मस्ती और मनोरंजन का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत राइड्स से हुई, जिसके बाद महिलाओं ने बोटिंग का मजा लिया। ग्रुप की सदस्य रिंकी कत्याल ने बताया कि नए साल की शुरूआत को खास बनाने के लिए इस तरह की आउटिंग रखी गई थी, जिसमें सभी ने खुलकर मस्ती की और कई यादगार पल संजोए।

Uturn Time 09 Jan 2026_Page 1-4.qxd 08-01-2026 23:24 Page 7



# ढकोली पुलिस ने 300 पेटी अवैध शराब से भरा कैंटर पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार

जीरकपुर, यूटर्न, 08 जनवरी। पुलिस थाना ढकोली की टीम ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 पेटी शराब से भरे एक कैंटर को काबू किया है। यह कार्रवाई बुधवार तड़के करीब 5 बजे शहीद भगत सिंह चौक, ढकोली पर की गई। पुलिस टीम उस समय निजी वाहन में गश्त कर रही थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टीम में एएसआई बलजीत सिंह, हवलदार अवतार सिंह, कांस्टेबल कमलदीप सिंह और पीएचजी कृष्ण कुमार शामिल थे। इसी दौरान पंचकूला की ओर से आ रहे आइशर कंपनी के कैंटर नंबर उ्छ-क्टअ-2612 को शक के आधार पर रोका गया। जांच के दौरान कैंटर चालक ने अपना नाम बिट्टू सुनार निवासी सतगांव थाना, जिला कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी (असम) बताया, जबकि कंडक्टर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अशोक हलोई पुत्र पंकज हलोई, निवासी गांव बेलसोरे, जिला नलबाड़ी (असम) बताया। कैंटर की तलाशी लेने पर उसमें गत्ते के डिब्बों में भारी मात्रा में शराब



बरामद की गई। पूछताछ के दौरान चालक और कंडक्टर शराब से संबंधित कोई भी लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सके। जांच में सामने आया कि बरामद शराब केवल केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में बिक्री के लिए अंकित थी। इसमें डिस्काउंट प्रीमियम व्हिस्की और ब्लू स्ट्रोक एक्सक्विजिट व्हिस्की सहित विभिन्न ब्रांड शामिल हैं। कुल 300 पेटी शराब बरामद होने की पुष्टि की गई है।

पुलिस ने शराब को नियमानुसार अलग-अलग नीले प्लास्टिक ड्रमों में डालकर सील किया और कैंटर को कब्जे में ले लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी।

आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह जांच की जा रही है कि यह खेप किसके कहने पर और किस नेटवर्क के तहत सप्लाई की जा रही थी।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना 15 जनवरी से होगी शुरू-चेयरमैन झाड़ूआं



भाग सिंह अंटाल / अभिषेक सूद

घनौर/यूटर्न/8 जनवरी। आम आदमी पार्टी से पीआरटीसी के वाइस चेयरमैन बलविंदर सिंह झाड़ूआं ने क्षेत्रवासियों के साथ एक बैठक की। इस अवसर पर हलके के निवासी, पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक के दौरान चेयरमैन द्वारा गांवों में चल रहे विकास कार्यों तथा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर चेयरमैन झाड़ूआं ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा 15 जनवरी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत की जा रही है, जिसके तहत पंजाब के हर परिवार को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए कोई आय सीमा निर्धारित नहीं की गई है तथा राज्य के सरकारी कर्मचारियों को भी इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 15 जनवरी को इस योजना का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगे। चेयरमैन ने कहा कि पिछली सरकारों की स्वास्थ्य योजनाओं में केवल 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा मिलती थी, लेकिन मान सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए इस सीमा को दोगुना कर 10 लाख रुपये कर दिया है।

# शिरोमणि अकाली दल की मजबूती के लिए चलेगा जन चेतना अभियान – कलेर



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/8 जनवरी। पंजाब के विकास के लिए वचनबद्ध और पंथप्रस्त पार्टी शिरोमणि अकाली दल के संगठन को मजबूत करने के लिए एक विशेष जन चेतना अभियान चलाया जाएगा। यह विचार शिअद के हल्का इंचार्ज, पूर्व विधायक और कोर कमेटी सदस्य एस.आर. कलेर ने गांव बस्सूवाल में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करने के बाद प्रेस से बातचीत करते हुए साझा किए। कलेर ने कहा कि पंजाब को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक तौर पर मजबूत करने के लिए शिअद का सत्ता में आना समय की मुख्य जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल की मजबूती के लिए जगराओं इलाके में जन चेतना अभियान का आगाज कर दिया गया है। इस मौके पर जत्थेदार आत्मा सिंह बस्सूवाल, नंबरदार सतनाम सिंह, आईटी विंग हल्का कोऑर्डिनेटर गुरप्रीत सिंह बस्सूवाल, ब्लॉक समिति सदस्य गुरप्रीत सिंह बिट्टू लम्मे, प्रधान बूटा सिंह भम्मीपुरा, नंबरदार गोपाल सिंह भम्मीपुरा, भजन सिंह देहड़का, पंच अवनिंदरपाल सिंह, पंच नरिंदर सिंह, पूर्व सरपंच सतपाल सिंह, पूर्व सरपंच परगट सिंह, हरकमल सिंह चाहिल, सुरिंदरपाल सिंह, दर्शन सिंह, निर्मल सिंह, कुलविंदर सिंह, किरणजोत सिंह, मोहन सिंह, मनजिंदर सिंह, गुरमेज सिंह, गुरप्रीत सिंह, परमजीत सिंह, बलविंदर सिंह, जुगराज सिंह उपस्थित थे।




# यूनियन की नेताओं को चेतावनी, कूड़े पर वोट बैंक की राजनीति बंद करें, वरना कोठियों के बाहर फेंकेंगे कचरा

जगरांव/यूटर्न/8 जनवरी। जगराओं में कूड़े की डंपिंग समस्या को लेकर सफाई सेवक यूनियन ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। सफाई सेवक यूनियन पंजाब के जिला प्रधान अरुण गिल ने आज शहर के राजनेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें राजनीतिक ड्रामा बंद करने की नसीहत दी है। अरुण गिल ने कड़े शब्दों में कहा कि पिछले दिनों कूड़े के मुद्दे पर शहर में जाम लगाकर कुछ नेताओं ने जनता का हितैषी बनने का जो ढोंग रचा, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि कूड़े के निस्तारण के लिए जगह उपलब्ध करवाना प्रशासन और चुने हुए नुमाइंदों का काम है, न कि सफाई कर्मचारियों का। लेकिन अपनी जिम्मेदारी निभाने की बजाय ये नेता सफाई सेवकों को दोषी ठहराकर अपनी राजनीति चमका रहे हैं। इस अवसर पर यूनियन के सेक्रेटरी राजिंदर कुमार, संरक्षक प्रदीप कुमार, प्रधान सनी सुंदर,



सीवरेज यूनियन प्रधान राज कुमार, संरक्षक शाम लाल सहित भारी संख्या में सफाई सेवक और सीवरमैन मौजूद रहे।

**सीधी चेतावनी: घरों के बाहर लगेगा कूड़े का ढेर...**यूनियन प्रधान ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि कई पार्षद और भावी उम्मीदवार शहरवासियों को गुमराह कर रहे हैं।

यदि किसी भी नेता ने अब कूड़े के मुद्दे पर राजनीति करने की कोशिश की, तो सफाई यूनियन मजबूर होकर उनके घरों के ठीक सामने कूड़ा फेंकना शुरू कर देगी।

**हड़ताल जारी रहेगी...**गिल ने स्पष्ट किया कि जब तक प्रशासन कूड़े के लिए पक्की जगह का इंतजाम नहीं करता, नगर कौंसिल के सफाई सेवकों की हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने शहरवासियों और नेताओं से अपील की कि वे इस मुद्दे पर राजनीति करने की बजाय यूनियन का साथ दें ताकि शहर को इस समस्या से निजात मिल सके।

Uturn Time 09 Jan 2026_Page 1-4.qxd 08-01-2026 23:24 Page 8



# कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को मिला लोकल बॉडी विभाग, रवजोत सिंह को एनआरआई विभाग सौंपा

पंजाब/यूटर्न/8 जनवरी। पंजाब में गुरुवार को मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया गया। लोकल बॉडीज विभाग संभाल रहे डॉ. रवजोत सिंह से यह जिम्मेदारी वापस लेकर उन्हें एनआरआई विभाग सौंपा गया है। यह विभाग पहले संजीव अरोड़ा के पास था। वहीं, संजीव अरोड़ा को लोकल बॉडीज विभाग दिया गया है। इस फेरबदल के बाद संजीव अरोड़ा कैबिनेट के तीसरे सबसे पावरफुल मंत्री बनकर उभरे हैं। हालांकि अभी इसका औपचारिक ऐलान होना बाकी है। यह फेरबदल इसलिए भी अहम है, क्योंकि आने वाले दिनों में नगर निगम के चुनाव होने हैं। सरकार की कोशिश शहरी एरिया में पार्टी को मजबूत बनाना है। ऐसे में सरकार ने अपने कैडर को मजबूत करने की दिशा में काम किया है। वह शहरी एरिया से आते हैं। वह शहरी एरिया को अच्छी तरह समझते हैं।




# सैलून में घुसकर युवक पर तानी रिवॉल्वर, सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी भी ले गए, 2 गिरफ्तार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/8 जनवरी। पुलिस थाना हठूर के अधीन आते गांव लम्मे में बाइक सवार हथियारबंद हमलावरों ने एक हेयर सैलून में घुसकर दुकानदार की बेरहमी से पिटाई की। मुख्य आरोपी ने दहशत फैलाने के लिए दुकानदार पर रिवॉल्वर तान दी और जान से मारने की धमकी दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सबूत मिटाने के मकसद से दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा और चिप भी उखाड़ ले गए।



हालांकि, हठूर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस मामले में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई सुलक्खन सिंह ने बताया कि पीड़ित सुखचैन सिंह उर्फ चैना पुत्र गुरदेव सिंह निवासी लम्मे ने शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़ित के मुताबिक, 6 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था। तभी गांव के ही इंद्रजीत सिंह अपने साथियों के साथ बाइकों पर सवार होकर वहां पहुंचा। आरोपियों ने जबरन दुकान का गेट खोला और अंदर घुसते ही मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि मारपीट के दौरान आरोपी इंद्रजीत सिंह ने अपनी डब से रिवॉल्वर निकाल लिया और उसे जान से मारने की धमकी दी।

## 7 नामजद, २ अज्ञात पर FIR

पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर कुल 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान इंद्रजीत सिंह (मुख्य आरोपी), रणजीत सिंह उर्फ जीती, जगजीत सिंह उर्फ जग्गी घोटणा, कुलदीप सिंह उर्फ कीपा, संदीप सिंह उर्फ सीपी (सभी निवासी लम्मे) और 2 अज्ञात व्यक्तियों के रूप में हुई है।

# डोर टू डोर कूड़ा उठाने का काम प्राइवेट कंपनी को नहीं दिया जाएगा - विजय दानव



लुधियाना/यूटर्न/8 जनवरी। म्युनिसिपल कर्मचारी दल का वफद आज चेयरमैन विजय दानव की अगुवाई में नगर निगम कमिश्नर अदित्य डेचवाल को उनके दफ़्तर में मिला। इस मौके पर चेयरमैन विजय दानव द्वारा सबसे पहले यूनियन की नवनियुक्त टीम से निगम कमिश्नर की मुलाकात कराई। इस मौके पर विजय दानव द्वारा मुलाजिमों को पेश आ रही समस्याओं के बारे में निगम कमिश्नर को बताया गया। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज कई पीढ़ियों से लोगों के घरों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का काम करता आ रहा है और इस काम से समाज के लोग जहाँ अपना गुजारा करते हुए वहीं यही काम वाल्मीकि समाज के लोगों के लिए रोजगार का साधन है। उन्होंने कहा कि लुधियाना शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने के काम का ठेका किसी भी प्राइवेट कंपनी को देना बिल्कुल भी ठीक नहीं है। इस दौरान निगम कमिश्नर ने कहा की डोर टू डोर कूड़ा उठाने का काम का ठेका पहले भी किसी कंपनी को नहीं दिया गया था औक अब भी नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर रोहित सहोता, देव राज असुर, विमल भट्टी, अक्षय राज, संजय दिशावर, महक सिंह चौहान, शाम बोहत, जतिंदर घावरी, कन्नौज दानव, दीपू घई, सुरेश शैल्ली, सोहनवीर रणीया, धर्मवीर मचल, सुनील हंस आदि मौजूद थे।






Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372